राजस्थान–सरकार
# निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर
द्वितीय तल, ब्लाक 6, शिक्षासंकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर
☎: 0141–2704357 📠 : 0141–2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

क्रमांकःनिसंशि / खेलप्रकोष्ठ / शैक्ष–2 / राजकाज00460 / शिविरा पंचांग / 2023–24 / 15065-72 दिनांक : 27-6-23

1. उप निदेशक,
   राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,
   महापुरा, जयपुर।
2. समस्त संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी,
   राजस्थान।
3. प्रधानाचार्य,
   राजकीय / अराजकीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय
   राजस्थान।
4. समस्त प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक,
   राजकीय / अराजकीय वरिष्ठ उपाध्याय / प्रवेशिका / उच्च–प्राथमिक / प्राथमिक संस्कृत विद्यालय
   राजस्थान।

विषयः–विद्यालय शिविरा पंचांग सत्र 2023–24 (अवधि 01.07.2023 से 30.06.2024 तक) विद्यालय संचालन सुनिश्चित किये जाने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सत्र 2023–24 का विद्यालय शिविरा पंचांग जारी किया जा रहा है जो कि माहवार (अवधि 01.07.2023 से 30.06.2024 तक) संलग्न कर लेख है कि अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत शिविरा पंचांग में वर्णित निर्देशानुसार शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियों / क्रिया कलापों / कार्यक्रमो का आयोजन / क्रियान्वयन सुनिश्चित करावें।

संलग्नः शिविरा पंचांग सत्र 2023–24

(डॉ. भास्कर शर्मा)
निदेशक
संस्कृत–शिक्षा, राजस्थानजयपुर

प्रतिलिपिः–वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय, संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को भेजकर लेख है, कि उक्त शिविरा पंचांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

नोट :–

1. सभी स्तर की प्रतियोगिताएं विभागीय खेलकूद–प्रतियोगिता–नियमावली एवं मार्गदर्शिका 2009 के निर्देशानुसार आयोजित करवायी जाये।
2. संभागीय प्रतियोगिताएँ संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता निदेशालय द्वारा आयोजित करायी जायेगी।
3. प्रवेशिका–वरिष्ठोपाध्याय छात्र–वर्ग का प्रतियोगिता शुल्क गत सत्र की भॉति नॉडल अधिकारियों के माध्यम से ही जमा कराया जाये।

निदेशक
संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान जयपुर

Document certified by BHASKAR SHARMA <director.sansk...@gmail.com>.

Digitally Signed by
BHASKAR SHARMA
Designation: Director
Date :27-06-2023 02:22:37

RajKaj Ref No. : 4141793

## राजस्थान–सरकार
## निदेशालय, संस्कृत–शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
### विद्यालय–पंचांग सत्र–2023–24

राजस्थान के समस्त राजकीय/मान्यता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों तथा संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालयों के लिए सत्र 2023–2024 का यह विभागीय पंचांग प्रस्तुत है। इसके अनुसार ही सत्र पर्यन्त विद्यालयीय कार्यक्रम, अवकाश, परीक्षा एवं खेलकूद–प्रतियोगिता आदि का आयोजन अनिवार्य है। किसी विशेष अवसर अथवा कार्यक्रम पर यदि किसी संस्था प्रधान को कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता हो तो वह परिवर्तन संबंधी निवेदन अपने संभाग के संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी को प्रस्तुत करें। संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी मांग के औचित्य की जांच करेंगे तथा उनकी अनुशंषा के आधार पर निदेशक, संस्कृत–शिक्षा की स्वीकृति के बाद ही संस्था–प्रधान द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा।

**सामान्य निर्देश** :

1. शिक्षण–सत्र 2023–24 दिनांक **26 जून, 2023** से आरम्भ है तथा सामान्य प्रवेश–प्रकिया आरम्भ होगी। प्रवेशोत्सव दो चरणों में चलाया जाएगा। प्रथम चरण 01 मई से 16 मई 2023 से प्रारम्भ होगा। ग्रीष्मावकाश उपरान्त पुनः नियमित शिक्षण–कार्य 01 जूलाई, 2023 से प्रारम्भ होगा।वार्षिक परीक्षा/बोर्ड परीक्षा में अन्तिम परीक्षा होने के उपरान्त विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में अस्थायी प्रवेश दिया जायें।
2. प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2023 अथवा परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिन बाद तक रहेगी। (प्रवेशिका कक्षाओं हेतु)
3. मध्यावधि–अवकाश 07से 19 नवम्बर 2023 तक रहेगा।
4. शीतकालीन–अवकाश 25 दिसम्बर 2023 से 5 जनवरी 2024 तक रहेगा।
5. विद्यार्थियों हेतु ग्रीष्मावकाश 17 मई 2024से 23 जून, 2024तक रहेगा।
   आगामी सत्र 2023–24 हेतु (दिनांक 01 मई 2024 से 16 मई 2024 की अवधि में प्रवेशोत्सव प्रथम चरण का आयोजन होगा और दिनांक 24 जून से 30 जून 2024 की अवधि में प्रवेशोत्सव के द्वितीय चरण का आयोजन होगा। इस अवधि में संस्था प्रधान एवं शिक्षकगण हाउस होल्ड सर्वे के आधार पर अब तक प्रवेश से वंचित /हार्ड कोर समूह के बच्चों का प्रवेश विद्यालय में करवाये जाने हेतु विशिष्ट कार्य योजना के तहत नामांकन वृद्धि अभियान संचालित करेंगे। संस्था प्रधान द्वारा समस्त स्टाफ से नवीन समय विभाग चक्र के अनुरूप सम्पूर्ण शैक्षिक सत्र के लिए कक्षा शिक्षण हेतु विषय योजना का निर्माण करवाया जाकर योजना का परिवीक्षण किया जाएगा। उक्त अवधि में विद्यार्थियों को टी0सी0/नव प्रवेशित विद्यार्थियों का एस.आर. रजिस्टर में पंजीयन सम्बन्धी कार्यो का समुचित निष्पादन किया जाएगा)
6. केन्द्र–सरकार द्वारा समस्त राष्ट्र के लिए रेडियो/दूरदर्शन पर घोषित अवकाश विद्यालयों में भी मान्य होंगे।
7. यदि किसी कारणवश रेडियो/दूरदर्शन/लिखित आदेश द्वारा राज्य में कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जावे, तो वह भी विभागीय विद्यालयों में मान्य होगा।
8. यदि किसी वर्ग/कारण विशेष को आधार बनाकर या किसी विशेष दिन का सेक्शनल/रीजनल स्थानीय अवकाश सरकार द्वारा घोषित किया जाये तो वह अवकाश सभी विद्यालयों पर लागू नहीं होगा।

9. विभागीय पंचांग एवं राजस्थान–सरकार द्वारा प्रकाशित पंचांग में उल्लेखित समान अवकाश की तिथि में यदि कोई विसंगति हो तो ऐसी स्थिति में राजस्थान–सरकार के पंचांग की तिथि को ठीक मानते हुए इस पंचांग में वैसा ही संशोधन माना जाये। यदि कोविड गाइड लाईन के अनुरूप अनुमत होती है तो बाल सभाओं में वृहद् और सामुदायिक बाल सभाओं में बाल संरक्षण के तहत बाल अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाये तथा बाल विवाह के दुष्परिणाम व बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी जायें। इसी प्रकार पीटीएम व एस डी एम सी की बैठकों में भी जनसमुदाय के साथ उक्त बाबत् चर्चा की जायें।

10 सत्रारम्भ एवं सत्रांत की संस्था प्रधान वाक्पीठ का आयोजन विभागीय–पंचांग में निर्धारित–तिथियों में ही कराया जाना आवश्यक होगा। उक्त तिथियों में किसी भी प्रकार का परिर्वतन निदेशक, संस्कृत–शिक्षा की अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा।

11. साप्ताहिक रूप से कक्षा 1 से 5 तक आयरन की पिंक गोली तथा कक्षा 6 से 12 तक के छात्र/छात्राओं को आयरन फोलिक एसिड की नीली (ब्ल्यू)गोली मध्याह्न भोजन उपरान्त दी जावें।

12. यदि कोविड गाइड लाईन के अनुरूप अनुमत होती हो तो बाल सभा सभाओं/पीटीएम/एसएमसी/एसडीएमसी की बैठको में "तम्बाकू निषेध क्षेत्र" तम्बाकू मुक्त विद्यालय की गाइड लाईन तथा COPTA ACT 2003 की जानकारी दी जाये ताकि विद्यालय व उसके आस–पास का क्षेत्र तम्बाकू मुक्त रह सकें।

13. प्रत्येक सोमवार –WIFS नीली गोली ( कक्षा 6 से 12) WIFS पिंक गोली (कक्षा 1 से 5 तक)

14. शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र (TAF) की प्रथम छःमाही डेटा प्रविष्टि जुलाई से अगस्त–2023 तथा द्वितीय छःमाही डेटा प्रविष्टि जनवरी से फरवरी–2023 (संभावित समय)

15. शाला सिद्धी हेतु स्व मूल्यांकन के लिए संभावित समयावधि जुलाई से अक्टूबर–2023 तथा बाह्य मूल्यांकन हेतु संभावित समयावधि– अगस्त से दिसम्बर–2023

16. CCE/SIQE/FLN हेतु रचनात्मक आकलन सतत रूप से सत्र पर्यन्त किया जाएगा।

**प्रवेश :**

1. कक्षा–1 में प्रवेश के समय निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार बालकों की आयु 5 वर्ष निर्धारित है।
2. राज्य सरकार प्रवेश प्रक्रिया हेतु कोई निश्चित तिथि का निर्धारण कर सकती है। फिर भी आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के अनुसार बालक का विद्यालय में प्रवेश वर्ष पर्यन्त हो सकेगा।
3. राज्य कर्मचारी/माता–पिता/अभिभावक के स्थान परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण प्रमाणपत्र के आधार पर विद्यार्थी को मध्य सत्र में प्रवेश दिया जाये।
4. यदि किसी परिस्थितिवश बोर्ड द्वारा रोके गये परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित किये जाते हैं तो विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम की घोषणा के 7 दिवस के भीतर प्रवेश दिया जाये। प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जायें।
5. हाऊस हॉल्ड सर्वे में चिन्हित बालक–बालिकाओं की मैनस्ट्रीमिंग हेतु अनामांकित बालक–बालिकाओं के माता–पिता अभिभावकों से सम्पर्क कर उनका आयु अनुरूप कक्षा में प्रवेश कराना, उनके विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन करना एवं आवश्यकतानुसार संबंधित पाठ्यक्रम के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था करना सुनिश्चित किया जाए।

6. ड्रॉपआउट एवं अनामांकित विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में नामांकन पश्चात्, विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं का फंक्शनल एसेसमेण्ट करवाया जाकर पात्र बच्चों को समग्रशिक्षा–अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क अंग–उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे एवं होम बेस्ड एज्यूकेशन से जोड़े गये बच्चों को उनकी आयु के अनुरूप कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा (प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक)।

**प्रार्थना–सभा**

प्रार्थना–सभा कार्यक्रम हेतु 25 मिनट का समय निर्धारित है, जिसमें की जाने वाली गतिविधियां वन्दे–मातरम्, (राष्ट्रगीत), प्रार्थना (ईशवन्दना),योगाभ्यास, प्राणायाम, सूर्य–नमस्कार, श्लोक–पाठ, समाचार–वाचन, प्रतिज्ञा (यथा संभव संस्कृत में), राष्ट्रगान आदि है। प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को प्रार्थना सभा में समस्त कार्मिक एवं विद्यार्थी तम्बाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ लेंगे।

**विद्यालय–प्रबन्धन :–**

विद्यालय की व्यवस्था एवं प्रबंधन, विद्यालय–प्रबन्धन–समिति (एस.एम.सी./एस.डी.एम.सी) द्वारा किया जायेगा। विद्यालय के सुचारु संचालन के लिये समग्रशिक्षा–अभियान द्वारा निम्नलिखित सुविधायें प्रदान की जायेंगी–

1. एकमुश्त स्कूल ग्राण्ट, जिसमें दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं जैसे चॉक, डस्टर, स्टेशनरी, परीक्षा संबंधित कार्य, दरी पट्टी आदि क्रय की जा सकती हैं। इस राशि में से शौचालय/मूत्रालयों की साफ–सफाई हेतु 10 प्रतिशतराशि का उपयोग कर इनका उपयुक्त रख–रखाव सुनिश्चित किया जाये। जिला परियोजना समन्वयक (एस.एस.ए. एवं आर.एम.एस.ए.) द्वारा 10 प्रतिशत राशि शौचालय/मूत्रालय, पेयजल–सुविधा के रख रखाव तथा मध्याह्न भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोने की व्यवस्था एवं स्वच्छता हेतु स्वच्छता अनुदान राशि का वितरण प्रतिवर्ष किया जा रहा है।
2. प्रत्येक विद्यार्थी की शाला–स्वास्थ्य–कार्यक्रम केअन्तर्गत स्वास्थ्य–जांच की जावे तथा रिकार्ड संधारित किया जावे ।
3. अक्टूबर–2023 से दिसम्बर–2023 तक आयोज्य SMC/SDMC प्रशिक्षण में समिति सदस्यों को सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

**कालाशंवार समय विभाजनः–** प्रतिदिन 8 कालांश में से ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन विद्यालय संचालन समयानुरूप अग्राकिंत विवरणानुसार कालांशवार समय विभाजन–चक्र रहेगा। प्रार्थना सभा एवं मध्यान्तर प्रत्येक हेतु 25 मिनिट का समय निर्धारित है ।

**समय–सारणी**–एक पारी विद्यालयों हेतु समय सारणी निम्नानुसार होगी –

| क्रम सं. | विवरण | ग्रीष्मकाल में विद्यालय–संचालन हेतु कालांश–विभाजन | शीतकाल में विद्यालय–संचालन हेतु कालांश–विभाजन |
|---|---|---|---|
| 1. | समयावधि | 1 अप्रेल से 30 सितम्बर | 1 अक्टूबर से 31 मार्च |
| 2. | विद्यालय–समय | 7.30 बजे से 1.00 बजे तक (कुल 5 घण्टे 30 मिनिट) | 10.00 बजे से 4.00 बजे तक (कुल 6 घण्टे ) |
| 3. | प्रार्थना–समय एवं योगाभ्यास | 7.30 बजे से 7.55 बजे तक (कुल 25 मिनिट) | 10.00 बजे से 10.25 बजे तक (कुल 25 मिनिट) |
| 4 | प्रथम कालांश | 7.55 बजे से 8.30 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 10.25 बजे से 11.05 बजे तक (कुल 40 मिनिट) |
| 5. | द्वितीय कालांश | 8.30 बजे से 9.05 बजे तक (कुल 35मिनिट) | 11.05 बजे से 11.45 बजे तक (कुल 40 मिनिट) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | तृतीय कालांश | 9.05 बजे से 9.40 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 11.45 बजे से 12.25 बजे तक (कुल 40 मिनिट) |
| 7 | चतुर्थ कालांश | 9.40 बजे से 10.15 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 12.25 बजे से 1.05 बजे तक (कुल 40 मिनिट) |
| 8 | मध्यान्तर | 10.15 बजे से 10.40 बजे तक (कुल 25 मिनिट) | 1.05 बजे से 01.30 बजे तक (कुल 25 मिनिट) |
| 9 | पंचम कालांश | 10.40 बजे से 11.15 बजे तक (कुल 35मिनिट) | 01.30 बजे से 2.10बजे तक (कुल 40 मिनिट) |
| 10. | षष्ठ कालांश | 11.15 बजे से 11.50 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 2.10 बजे से 02.50 बजे तक (कुल 40 मिनिट) |
| 11. | सप्तम कालांश | 11.50बजे से 12.25 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 02.50 बजे से 03.25 बजे तक (कुल 35 मिनिट) |
| 12 | अष्टम कालांश | 12.25 बजे से 1.00 बजे तक (कुल 35 मिनिट) | 03.25 बजे से 04.00 बजे तक (कुल 35 मिनिट) |

**विद्यालय–समय संबंधी निर्देश :–**

(1) जहाँ तक सम्भव हो विद्यालय एक ही पारी में चलाये जायेंगे। जो विद्यालयवर्तमान में दो पारी में चल रहे हैं तथा विद्यालय का परिस्थितिवश आगामी सत्र में भी दो पारी/आंशिक दो पारी में संचालन आवश्यक है, उनके संस्था–प्रधान पर्याप्त औचित्य के साथ प्रस्ताव संबंधित संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे तथा संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी औचित्य की जांच कर परीक्षणोपरान्त स्पष्ट अनुशंषा सहित संभाग के समेकित प्रस्तावों को 31 जुलाई 2019 तक निदेशक, संस्कृत–शिक्षा को प्रेषित करेगें। निदेशक, संस्कृत शिक्षा से स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात् ही विद्यालय दो पारी में चलाने की स्वीकृति प्रदान करेगें।

नोटः–शैक्षिक गुणवत्ता एवं मनोविज्ञान के मध्यनजर कालांशों में विषय आवंटन काठिन्य स्तर के आधार पर इस प्रकार किया जावे कि अपेक्षाकृत कठिन विषय के बाद सरल विषय का कालांश हो। मुख्य विषयों के लिए शिक्षण का कार्य यथासम्भव प्रथम 6 कालांश में निर्धारित किया जाये। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सहशैक्षिक गतिविधियों यथा – खेलकूद, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भाषण, निबंध–लेखन इत्यादि प्रतियोगिताओं पर विशेष ध्यान दिया जाये।

(2) **दो पारी में संचालित विद्यालयों का समयः–**

| क्रम. सं. | अवधि | शाला संचालन का समय |
|---|---|---|
| 1. | 1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक | प्रातः 07.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घण्टे ) |
| 2. | 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक | प्रातः 07.30 बजे से सायं 05.30 बजे तक (प्रत्येक पारी 05.00 घण्टे ) |

(3) दो पारी विद्यालय (प्रवेशिका/वरिष्ठ–उपाध्याय) के संस्था–प्रधान का समय प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे तक रहेगा। वे अपने स्तर पर स्वेच्छा से कोई परिवर्तन नहीं कर सकेंगे।

(4) समस्त संस्था–प्रधान विद्यालय–प्रसारण–कार्यक्रम के अनुसार छात्र/छात्राओं को शिक्षण का लाभ पहुचाने के उद्देश्य से अनिवार्यतः विद्यालय–प्रसारण–कार्यक्रम सुनवाने की व्यवस्था करेंगे। यह

कार्यक्रम 1 जुलाई 2023 से मार्च 2024 तक स्थानीय वार्षिक–परीक्षा–आरम्भ होने के पूर्व तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रत्येक विद्यालयीय कार्य दिवस को प्रसारित किया जायेगा ।

(5) राजस्थान–राज्य–शैक्षिक–अनुसंधान एवं प्रशिक्षण–संस्थान–उदयपुर तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा प्रत्येक कक्षा हेतु पुस्तकालय–कालांश निर्धारण किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक छात्र/छात्रा पुस्तकालय सुविधा से लाभान्वित हो। अतः रोटेशन के आधार पर प्रति सप्ताह प्रत्येक कक्षा हेतु पुस्तकालय–कालांश का निर्धारण किया गया है।

नोट :–SSIERTमहापुरा जयपुरद्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों/कार्यक्रमों का संचालन समस्त विद्यालयों में अनिवार्यतः किया जावें।

(6) राजकीय प्रवेशिका/वरिष्ठ–उपाध्याय–विद्यालयों के भवनों में संचालित राजकीय–प्रवेशिका विद्यालय/वरिष्ठ–उपाध्याय–कक्षायें एवं राजकीय–प्राथमिक / उच्च–प्राथमिककक्षायें निम्नलिखित व्यवस्थानुसार संचालित की जायें:–

| क्र.सं | विद्यालय का प्रकार | पारी | पारी क्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 1 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी – कक्षा 9 से 12<br>द्वितीय पारी – कक्षा 1 से 8 |
| 2 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 9 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी – कक्षा 11से 12<br>द्वितीय पारी – कक्षा 9 से 10 |
| 3 | व0उपा0विद्या0<br>(कक्षा 6 से 12) | (दो पारी) | प्रथम पारी – कक्षा 9 से 12<br>द्वितीय पारी – कक्षा 6से 8 |
| 4 | प्रवेशिका विद्यालय<br>(कक्षा 6 से 10) | (दो पारी) | प्रथम पारी – कक्षा 9से 10<br>द्वितीय पारी – कक्षा 6 से 8 |
| 5 | प्रवेशिका विद्यालय (प्राथमिक विद्या. सहित )<br>1 से 10 तक | (दो पारी) | प्रथम पारी – कक्षा 6 से 10<br>द्वितीय पारी – कक्षा 1से 5 |

यदि एक ही शाला परिसर में दो विद्यालय संचालित हो तथा दो पारी–संचालन की स्वीकृति प्राप्त हो तो प्रवेशिका/वरिष्ठ–उपाध्याय–विद्यालय प्रथम पारी में तथा प्राथमिक/उच्च–प्राथमिक–विद्यालय द्वितीय पारी में संचालित होगें। संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी इस व्यवस्था में कोई परिर्वतन नहीं करेंगे। समन्वित–विद्यालय जो दो या दो से अधिक परिसर में संचालित है, मय समान स्तर की समस्त कक्षाऐं एक ही समय में ( समान पारी में) संचालित की जाएगी।

**सहशैक्षिक गतिविधियॉं :–**

1. समस्त सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन विभागीय–निर्देशों के अनुरूप किया जाये।
2. सभी राजकीय–प्रवेशिका एवं वरिष्ठ–उपाध्याय–विद्यालयों में ''चाईल्ड राईट्स क्लब'' वन एवं पर्यावरण–क्लब, विज्ञान–क्लब एवं रोड़–सेफ्टी–क्लब की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए तथा इन से संबंधित गतिविधियों का संचालन आवश्यक रूप से किया जाए।
3. माह के अन्तिम शनिवार को समस्त–राजकीय–विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा एक कालांश में स्वैच्छिक श्रमदान किया जायेगा।
4. सभी विद्यालय वार्षिक उत्सव 30 नवम्बर 2023 तक मनायेंगे। विद्यालयों को अपनी प्रतियोगितायें/एसयूपीडब्ल्यू शिविर/वार्षिक उत्सव सहित अन्य गतिविधियां, (यथा–उत्कृष्ट उपलब्धि प्रदान करने वाले संस्था–प्रधान/शिक्षक एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान इत्यादि) इससे पूर्व समयावधि में समाप्त करनी होंगी। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में 30 नवम्बर 2023 तक वार्षिक उत्सव नहीं

मनाया जा सके तो संबंधित संभागीय–संस्कृत–शिक्षा–अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर बाद में भी मनाया जा सकता है। इसके बाद मात्र उच्चतम कक्षाओं के संक्षिप्त विदाई–समारोह आयोजित किये जा सकते हैं।इस वर्ष " **गांधी सार्ध शताब्दी महोत्सव**" के विशिष्ट आयोजन के दृष्टिगत समस्त विद्यालयों में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के दौरान गांधीजी द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को सहज प्रवृत्ति एवं साफ –सफाई की अनिवार्यता विषयक उद्बोधन तथा सामूहिक श्रमदान द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण संबंधी गतिविधियां अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जावे।

5. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा संचालित विद्यालय आधारित मूल्यांकन–योजना के अन्तर्गत कक्षा 9 एवं 10 के लिये विद्यालय में संचालित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रवृत्तियों में से एक प्रवृत्ति में प्रत्येक विद्यार्थी को भाग लेना अनिवार्य होगा एवं स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास हेतु सुविधानुसार आयोजित प्रवृत्तियों में से प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम दो प्रवृत्तियों में भाग लेना अनिवार्य होगा।

6. संस्कृत शिक्षा विभागीय समस्त विद्यालयों के लिए खेल सामग्री क्रय किये जाने हेतु समग्र शिक्षा अभियान के औपचारिक व वैकल्पिक शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक विद्यालय को 5000/– से 25000/– रूपये तक की राशि का प्रावधान किया गया है। अतः समस्त संस्था प्रधान/संकुल प्रभारी स्थानीय पीइओ के माध्यम से अपने–अपने विद्यालयों में भी खेल सामग्री क्रय करने हेतु राशि आवंटित करायेंगे।

7. समस्त राजकीय–संस्कृत–विद्यालयों में "विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी)" एवं विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (एसडीएमसी)" की कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रतिमाह अमावस्या के दिन आयोजित की जाएगी । समग्र शिक्षा अभियान सामुदायिक गतिशीलता प्रकोष्ठ के प्लान के अनुसार "विद्यालय प्रबंधन समिति ( एसएमसी)" विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (एसडीएमसी)" की उक्त बैठकों को जागृति के रूप में मनाया जाए। यदि अमावस्या के दिन विद्यालय में अवकाश हो तो इनका आयोजन अगले कार्यदिवस पर किया जाएगा।

8. "विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी)" एवं विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति (एसडीएमसी)" हेतु गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद जयपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जाऐगा।

**शिक्षण–तंत्र का प्रबोधन एवं प्रबन्धन :–**

1. एकीकृत–जिला–शिक्षा–सूचना–प्रणाली के अन्तर्गत 30 सितम्बर के आधार पर जिले के राजकीय/केन्द्रीय/निजी आदि समस्त विद्यालयों जिनमें कक्षा 1–12 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, शैक्षिक नियोजन की दृष्टि से उनकी विभिन्न सूचनाएं यथा विद्यार्थियों/शिक्षकों/विद्यालयों की श्रेणीवार संख्या आदि संकलित की जावे। सभी शिक्षक/संस्था–प्रधान यू डॉइस सूचना संकलन प्रपत्र की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करें।
2. कल्प–कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में कम्प्यूटर–लैब का रखरखाव विद्यालयों को समग्र शिक्षा अभियान से उपलब्ध कराई जा रही स्कूल फेसिलिटी ग्राण्ट /मैन्टीनेन्स ग्राण्ट से विद्यालय द्वारा करवाया जावे एवं लैब को सुरक्षित करते हुए विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु प्रति सप्ताह अधिकतम दो–दो कालांश प्रति कक्षा लगवाये जावे एवं विद्यालय में उपलब्ध (देववाणी ऐप पर) ई–कन्टेन्ट (विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी) से सम्बलन किया जाये।
3. राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था (SCERT) उदयपुर के विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा सत्र के प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में निर्धारित समयानुसार विज्ञान मेला, जनसंख्या शिक्षा आधारित प्रशिक्षण विज्ञान, गणित एवं एन.एम.एम.एस से संबंधित कुल 8 वी सी (वर्ष भर) आयोजित की जावेगी।
4. एस एस आई ई आर टी महापुरा जयपुर द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों (वीसी/प्रशिक्षण/प्रदर्शनी) आदि की पालना भी प्रत्येक विद्यालय द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

**उत्सव एवं अवकाश :–**

1. प्रत्येक माह में अंकित उत्सव अनिवार्यतः मनाये जाये।
2. उत्सव के दिन रविवार/स्वीकृत अवकाश हो तो उसे एक दिन पहले/बाद में मनाया जाये।
   उत्सव के दिन आठ कालांश में शिक्षण कार्य करवाया जावे। उत्सव आयोजन हेतु प्रत्येक कालांश में से 5–5 मिनट अवधि घटाकर आठवें कालांश के बाद उत्सव मनाया जाये।
3. 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा संस्कृत–दिवस (श्रावणी–पूर्णिमा) को पूर्ण अवकाश होते हुए भी उत्सव मनाया जाना अनिवार्य है। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की स्वयं के विद्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है।
4. 02 अक्टूबर का उत्सव उसी दिन ही मनाया जायें। इस दिन विद्यार्थियों द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित नाटक, कविता, अभिनय आदि गतिविधियां/कियाकलाप करवाये जायें साथ ही जिन विद्यालयों में प्रोजेक्टर की सुविधा अथवा बड़ी स्क्रीन उपलब्ध है, वहां इस दौरान रिचर्ड एटनवरो की फिल्म ''गांधी'' एवं गांधीजी के जीवन तथा गांधी दर्शन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री, फीचर फिल्में अथवा अन्य संदर्भ साहित्य से सम्बन्धित दृश्य सामग्री का प्रदर्शन विद्यार्थियों द्वारा गांधीजी के जीवन चरत्रि एवं मूल्यों से प्रेरणा ग्रहण करने के उद्देश्य से करवाया जाए।
5. मध्यावधि–अवकाश, शीतकालीन–अवकाश तथा ग्रीष्मावकाश में विद्यालयों के मंत्रालयिक कर्मचारी केवल राजपत्रित अवकाश का ही उपभोग करेंगे।
6. प्रत्येक संस्था–प्रधान इस पंचांग में निर्दिष्ट अवकाशों के अतिरिक्त सत्र में दो दिवसों का अवकाश घोषित कर सकते हैं, जिनमें से एक मध्यावधि–अवकाश से पहले व दूसरा मध्यावधि–अवकाश के बाद किया जाये। संस्था–प्रधान इसकी सूचना 31 जुलाई, 2023 से पूर्व संबंधित संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी/संकुल प्रभारी को भेजें। अवकाश हेतु दिवसों का चयन करते समय यह ध्यान में रखा जाये कि महत्वपूर्ण विद्यालयीय कार्यक्रम अप्रभावित रहे।
7. जिला कलेक्टर द्वारा घोषित अवकाश संबंधित जिले के विद्यालयों में ही मान्य होंगे।

**संस्कृत–दिवस :–**

1. 31 अगस्त, 2023 (श्रावणी–पूर्णिमा), रक्षाबन्धन के दिवस पर संस्कृत–दिवस–उत्सव मनाना अनिवार्य है। इसमें शिक्षकों/विद्यार्थियों एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी
2. साथ ही विभागीय निर्देशानुसार संस्कृत–सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।
3. जुलाई माह को ''संस्कृत सम्भाषण मास'' के रूप में आयोजित किया जावे। जिससे संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत मय वातावरण का निर्माण हो सके।

**मूल्यांकन एवं परीक्षा :–**

1. समस्त कक्षाओं की परख, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक–परीक्षा एवं पूरक–परीक्षाएं (कक्षा 8 में डाइट तथा कक्षा 10 एवं 12 में वार्षिक परीक्षा के स्थान पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा ली जाएगी) इस पंचांग के अनुसार सम्पन्न की जायें तथा परीक्षा परिणामों की घोषणा तथा विद्यार्थियों को प्रगति पत्रों का वितरण 30 अप्रेल, 2024 को अनिवार्य रूप से कर दिया जावे।
2. कक्षा 1 से 5 में SIQE के अन्तर्गत CCE के तहत तीन योगात्मक आकलन अग्रांकित विवरणानुसार सम्पादित किए जाएंगे।

| टर्म | पाठ्यक्रम विभाजन | योगात्मक आकलन आयोजन माह |
|---|---|---|
| प्रथम | लगभग 45 % | सितम्बर 2023 |
| द्वितीय | लगभग 40 % | जनवरी 2024 |
| तृतीय | लगभग 15 % | बोर्ड परीक्षा से पूर्व |

कक्षा 5 हेतु तृतीय योगात्मक आकलन के स्थान पर प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए तिथियां पृथक से निर्धारित की जाएगी।

3. परख–अवधि में शाला–समय से पूर्व विद्यार्थियों को अगले दिवस के परख की तैयारी हेतु छोड़ा जा सकता है, लेकिन शिक्षक/कर्मचारी पूरे समय तक उपस्थित रहेंगे।
4. सभी स्तर के विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक–परीक्षा के लिए क्रमशः एक तथा दो दिवसों का परीक्षा–तैयारी–अवकाश रहेगा। इन दिनों में विद्यालय खुलेंगे और अध्यापक एवं मंत्रालयिक कर्मचारी परीक्षा के अभिलेख तथा व्यवस्था–संबंधित कार्य पूर्ण करेंगे। इस प्रकार का अवकाश रविवार अथवा अन्य राजपत्रित अवकाश को छोड़कर किया जाये।
5. माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड, राजस्थान द्वारा आयोज्य कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों हेतु शासन द्वारा निर्धारित अवधि का अवकाश रहेगा। उक्त अवधि में विद्यार्थियों हेतु आवश्यकतानुसार विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।
6. एस.आई.क्यू.ई./सीसीई संचालित विद्यालयों में पारम्परिक प्रक्रिया से मूल्यांकन न होकर सतत एवं व्यापक–मूल्यांकन–प्रक्रिया से ही मूल्यांकन किया जाएगा।
7. विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं के नियमित प्रक्रिया के संबंध में राजस्थान–सरकार स्कूल–शिक्षा–विभाग, प्रारम्भिक–शिक्षा (शिक्षा–आयोजना) अनुभाग के परिपत्र क्रमांक पं. 14(3)प्रा. शि/आयो./2014 जयपुर दिनांक 27.10.2014 की पालना की जाये।

**पूरक परीक्षा :–**समान परीक्षा योजना के अधीन कक्षा 9 एवं 11 की पूरक परीक्षाओं का आयोजन 8 मई से 15 मई 2024 तक किया जाए। परीक्षा परिणाम 16 मई 2024 को घोषित कर प्रगति पत्र वितरित कर दिए जाएं।

**``NO BAG DAY``**

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा गत 20 फरवरी, 2020 को राज्य विधानसभा में बजट भाषण के दौरान शिक्षा विभाग से सम्बन्धित घोषणाओं (बिन्दु संख्या–97) के अन्तर्गत समस्त सरकारी विद्यालयों में शनिवार के दिन ``NO BAG DAY`` रखे जाने और उस दिन कोई अध्यापन कार्य नहीं सप्ताह में शनिवार को ''बस्ता मुक्त दिवस'' मनाया जाना है।

2. `` NO BAG DAY`` का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं अन्तर्निहित क्षमताओं को पहचान कर अध्ययन अध्यापन के पारम्परिक तरीकों से इतर सहगामी क्रियाओं के माध्यम से सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को आन्ददायी बनाना है।

3. इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थी स्कूल बैग के बिना विद्यालय आएंगे।

4. यह दिवस विद्यालय के कार्य दिवसों में गिना जाएगा लेकिन विषयवार कालांश निर्धारण अलग से जारी किया जाएगा।

5. प्रत्येक शनिवार को कक्षा स्तर के अनुसार थीम आधारित निम्नलिखित गतिविधियां करवाई जानी है:–

| क्र.सं. | शनिवार क्रमांक | थीम |
|---|---|---|
| 1 | माह का प्रथम शनिवार | राजस्थान का पहचानों |
| 2 | माह का द्वितीय शनिवार | भाषा कौशल विकास |
| 3 | माह का तृतीय शनिवार | खेलेगा राजस्थान–बढ़ेगा राजस्थान |
| 4 | माह का चतुर्थ शनिवार | मैं वैज्ञानिक बनूंगा |
| 5 | माह का पंचम शनिवार | बाल–सभा मेरे अपनों के साथ |

6.``NO BAG DAY`` के दिन आनंददायी तरीके से सीखने–सिखानें की प्रक्रिया कक्षावार न होकर निम्नांकितानुसार कक्षा समूहवार होगी।

| क्र.सं. | समूह का नाम | कक्षा वर्ग |
|---|---|---|
| 1 | अंकूर | कक्षा 1 से 2 |
| 2 | प्रवेश | कक्षा 3 से 5 |
| 3 | दिशा | कक्षा 6 से 8 |
| 4 | क्षितिज | कक्षा 9 से 10 |
| 5 | उन्नति | कक्षा 11 से 12 |

7 15 अगस्त, 26 जनवरी व 2 अक्टूबर के अतिरिक्त शिविरा पंचांग में दर्शाए गए/मनाए जाने वाले समस्त उत्सव जयन्तियां सम्मिलित है। वर्तमान सत्र में प्रत्येक शनिवार को "बस्ता मुक्त दिवस" ही शिविरा पंचांग में सम्मिलित गतिविधियों/कार्यक्रमों/क्रियाकलापों के आयोजन ``NO BAG DAY`` हेतु निर्धारित समय सारिणी में से 40 मिनिट का समय निकालकर विद्यालय संचालन के अंतिम समय में आयोजित कये जाएंगे। 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा 2 अक्टूबर के उत्सव के भॉति उसी दिन को ही मनाए जाएंगे।

8 सम्पूर्ण सप्ताह(सोमवार से रविवार) के दौरान पडने वाले उत्सवों/जयन्तियों का विधिवत आयोजन सप्ताह में 'बस्ता मुक्त दिवस' (शनिवार) को समारोहपूर्वक किया जाए, जिसके लिए रूप रेखा का निर्माण एवं पूर्व तैयारी सम्बन्धित शिक्षकों एवं आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले विद्यार्थियों द्वारा उक्त शनिवार से पूर्व कि जाए।

9 **बस्ता मुक्त दिवस**मनाए जाने के कारण समस्त बाल सभाएं, मासिक स्टाफ बैठक, अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएम), एसडीएमसी/एसएमसी की कार्यकारिणी समिति की मासिक बैठक (वर्तमान में प्रतिमाह अमावस्या को आयोज्य), मीना–राजू/गार्गी मंच की बैठक इत्यादि कार्यक्रम भी **'बस्ता मुक्त दिवस' (शनिवार)**के अवसर पर आयोजित किए जाए।

माह के अन्तिम शनिवार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा 40 मिनट स्वैच्छिक श्रमदान किया जाएगा।

10. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर तथा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर (RSCERT) तथा विभिन्न अभिकरणों इत्यादि एं विभाग द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों में सृजनात्मक कौशल विकास तथा वैज्ञानिक अभिवृति एवं अभिरूचि विकास के उद्धेश्य से आयोजित की जाने वाली समस्त प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर शनिवार को ही आयोजित करवाई जाएं।

11. **मुक्त दिवस' (शनिवार)**के अवसर पर आयोजित होने वाले उत्सवों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये विभिन्न सहशैक्षिक गतिविधियों यथा–खेलकूद, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भाषण, निबन्ध–लेखन इत्यादि के आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

12. प्रतिमाह एक बाल सभा में गांधीजी द्वारा प्रतिपादित "बुनियादी शिक्षा की अवधारणा" का ज्ञान विद्यार्थियों को देते हुए पारम्परिक घरेलू कुटीर उद्योग का व्यावहारिक प्रदर्शन करवाया जावे, जैसे मिट्टी के बर्तन या खिलौने बनाना, तकली कातना, चरखे का उपयोग इत्यादि। इस हेतु विद्यालय के आस–पास से अर्टिजन को विद्यालय में आमंत्रित किया जाकर प्रत्यक्ष प्रदर्शन करने का प्रयास किया जाए।

13. विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं को सहशैक्षिक गतिविधियों में सम्मिलित किया जाए।

14. जेण्डर इक्विटी गतिविधि अन्तर्गत बालिका सशक्तिकरण हेतु समग्र शिक्षा द्वारा संचालित निम्नांकित दूरगामी और नियमित गतिविधियों को (शनिवारीय/गैर शनिवारीय गतिविधियों) निम्नानुसार संचालित किया जाए।

| | **पार्ट–1** | | |
|---|---|---|---|
| | गतिविधि | लाभान्वित वर्ग | समय–सीमा |
| 1 | किशोरी सशक्तिकरण की गतिविधियां मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच का संचालन | कक्षा 6 से 12 तक के समस्त विद्यार्थी | नो बैग डे के साथ |
| 2 | सुरक्षित एवं समावेशी विद्यालय वातावरण निर्माण एवं बाल सुरक्षा संरक्षा | कक्षा 1 से 12 तक के समस्त विद्यार्थी | प्रति माह द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को एक कालांश |
| 3 | साइबर सुरक्षा एवं जिम्मेदार नेटीजन | कक्षा 6 से 12 तक की समस्त बालिकाएं | प्रति सप्ताह एक कालांश |
| | **पार्ट–2** | | |
| 1 | रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण | कक्षा 6 से 12 तक की समस्त बालिकाएं | 15 दिवस प्रतिमाह (3 माह अगस्त से अक्टूबर में 45 दिवस निर्धारण) |
| | उपरोक्त गतिविधियों नो–बैग डे दिवस को आवश्यकतानुसार किया जाना सुनिश्चित करावें। | | |

15. No Bag day को संचालित होने वाली अन्य गतिविधियां:–

| क्र.सं. | गतिविधि | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | एक भारत श्रेष्ठ भारत संबधित गतिविधियों का आयोजन | प्रत्येक माह का प्रथम शनिवार |
| 2. | मानव क्लब गठित विद्यालयों में उपभोक्ता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन (कक्षा 09 से 12वीं के विद्यार्थियों हेतु) (समग्र शिक्षा) | माह का द्वितीय शनिवार |
| 3. | निपुण भारत से संबंधित गतिविधियों का आयोजन | प्रत्येक माह के तृतीय व चतुर्थ शनिवार |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | सड़क सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों का आयोजन | जुलाई, सितम्बर, जनवरी माह के प्रथम शनिवार को कम से कम 2–2 घण्टे |
| 5. | गुड टच बैड टच के प्रति समझ बढ़ाने से संबंधित गतिविधियों का आयोजन | जुलाई, अक्टूबर व जनवरी माह के तृतीय शनिवार को कम से कम 2–2 घण्टे |

16. जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम, IT लैब्स और e–लर्निंग की सुविधा है इनका अधिकतम् उपयोग सुनिश्चित किया जावें।

अन्य प्रतियोगिताएं / गतिविधियां :–

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर तथा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (RSCERT) उदयपुर, एस एस आई ई आर टी, महापुरा, जयपुर तथा विभिन्न अभिकरणों इत्यादि एवं विभाग द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों में सृजनात्मक कौशल विकास तथा वैज्ञानिक अभिवृति एवं अभिरूचि विकास के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली समस्त प्रतियोगिताएं विद्यालय स्तर पर शनिवार को ही आयोजित करवायी जावें।
2. 'बस्ता मुक्त दिवस' (शनिवार) के अवसर पर आयोजित होने वाले उत्सवो में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सहशैक्षिक गतिविधियों यथा–खेलकूद, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भाषण, निबन्ध लेखन इत्यादि के आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जावें।
3. प्रतिमाह एक बाल सभा में गांधीजी द्वारा प्रतिपादित ''बुनियादी शिक्षा की अवधारणा'' का ज्ञान विद्यार्थियों को देते हुए पारम्परिक घरेलू कुटीर उद्योग का व्यावहारिक प्रदर्शन करवाया जावें। जैसे– मिट्टी के बर्तन या खिलौने बनाना, तकली कातना, चरखे का उपयोग इत्यादि। इस हेतु विद्यालय के आस–पास से आर्टिजन को विद्यालय में आमंत्रित किया जाकर प्रत्यक्ष प्रदर्शन करने का प्रयास किया जाए। विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं को सहशैक्षिक गतिविधियों में सम्मिलित किया जावें।

---

## संशिविरा–पंचांग : जुलाई, 2023

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोमवार | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगलवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुधवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरूवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्रवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनिवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| कार्य दिवस 25 | रविवार 05 | | अवकाश 01 | | उत्सव 03 |

| | |
|---|---|
| 03 जुलाई | गुरू पूर्णिमा (उत्सव) |
| 08 जुलाई | सामुदायिक बाल सभा–विद्यालय स्तर पर |
| 11 जुलाई | विश्व जनसंख्या दिवस उत्सव |
| 11 जुलाई | |
| 11 से 15 जुलाई | प्रवेशोत्सव–द्वितीय का आयोजन, इस अवधि में संस्था प्रधान एवं शिक्षकगण अब तक प्रवेश से वंचित/हार्ड कोर समूह के बच्चों का प्रवेश विद्यालय/आंगनबाड़ी में करवाये हेतु विशिष्ट कार्ययोजना के तहत नामांकन वद्धि अभियान संचालित करेंगे। |
| 15 जुलाई | एसडीएमसी की कार्यकारिणी समिति में अनुमोदित कार्ययोजना के अनुरूप विद्यार्थी कोष/विकास कोष के माध्यम से सत्र पर्यन्त किए जाने वाले कार्यो हेतु आवश्यक लेखांकन प्रक्रिया पूर्ण करवाना। |
| 22 जुलाई | सामुदायिक बाल सभा आयोजन सार्वजनिक स्थल या चोपाल पर एवं PTM-1 काआयोजन |
| 23 जुलाई | लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयन्ती उत्सव |
| 25 से 27 | सत्र पर्यन्त प्रशिक्षण केन्द्र/खेल छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया |
| 29 जुलाई | माहर्रम (अवकाश) (चन्द्रदर्शन के अनुसार) |
| जुलाई के चतुर्थ सप्ताह में | सत्रारम्भ की संस्था प्रधान वाकपीठ (दो दिवस) (प्रा./उप्रा./प्रवे./वरि. उपा. विद्यालय) का आयोजन। |

नोटः– विद्यालयों द्वारा वर्षा प्रारम्भ होते ही वृक्षारोपण का कार्य करना। (प्रथम चरण)

- प्रत्येक शनिवारः NO BAG DAY से सम्बन्धित (शनिवार को आयोजित होने वाली) उद्देश्य परक अवधारणओं पर आधारित हैप्पीनेस थैरेपी, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक, खेलकूद, व्यक्तित्व विकास, जीवन मूल्य एवं नैतिक शिक्षा , भाषा कौशल विकास तथा निरोगी राजस्थान से सम्बन्धित गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

- जुलाई–अगस्त में प्रवेशोत्सव के दौरान– आपणी लाड़ो बालिका शिक्षा का बढावा देने हेतु समुदाय जागृति कार्यक्रम (समग्र शिक्षा)

- जून जुलाई माह में कक्षा 10वीं उतीर्णहुए विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में संकाय व विषय चयन हेतु परामर्श देना।

# संशिविरा—पंचांग : अगस्त, 2023

| रविवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगलवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुधवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरूवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्रवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनिवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| कार्य दिवस 24 | रविवार 04 | | अवकाश 03 | | उत्सव 02 |

| | |
|---|---|
| 8 अगस्त | क्रमि मुक्ति दिवस—समस्त विद्यार्थियों को डिवर्मिंग दवा (एल्बेंडाजॉल) खिलवाना। रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता विद्यालय स्तर (RSCERT) |
| 9 अगस्त | विश्व आदिवासी दिवस (अवकाश) |
| 12 अगस्त | सामुदायिक बाल सभा— विद्यालय स्तर पर |
| 15 अगस्त | स्वतंत्रता दिवस (अवकाश—उत्सव अनिवार्य) |
| 16 अगस्त | एसडीएमसी की कार्यकारिणी समिति में अनुमोदित कार्ययोजना के अनुरूप विद्यार्थी कोष/विकास कोष के माध्यम से सत्र पर्यन्त किए जाने वाले कार्यो हेतु आवश्यक निविदा कार्यवाही सम्पन्न करना। |
| 17से 21 अगस्त | 19वर्ष छात्र वर्ग की संभाग स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिताए। (प्रथम चरण) |
| 20 अगस्त | सद्भावना दिवस— राजीव गॉधी जयन्ती |
| 23—25 अगस्त | प्रथम परख का आयोजन |
| 23 से 28 अगस्त | 19वर्ष छात्र वर्ग की संभाग स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिताए। (द्वितीय चरण) |
| 26 अगस्त | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन सार्वजनिक स्थल या चोपाल पर |
| 30 अगस्त | रक्षा बन्धन (अवकाश) |
| 31 अगस्त | संस्कृत दिवस (अवकाश) श्रावणी पूर्णिमा |

नोटः—

- जिला स्तरीय कला उत्सव (विद्यार्थियों के लिए)—अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में (समग्र शिक्षा)
- विद्यालयों द्वारा वृक्षारोपण का कार्य करना। (द्वितीय चरण)

## संशिविरा–पंचांग : सितम्बर 2023

| रविवार | | 3 | 10 | 17 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगलवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुधवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरूवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्रवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनिवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| कार्य दिवस 23 | रविवार 04 | | अवकाश 03 | | उत्सव 05 |

| | |
|---|---|
| 02सितम्बर | सामुदायिक बाल सभा–विद्यालय स्तर पर विश्व–एड्स–दिवस (RSCERT)विश्व–एकता–दिवस (उत्सव) |
| 5 सितम्बर | शिक्षक दिवस (उत्सव)–राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन , राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान के अन्तगर्त शिक्षक दिवस पर झण्डियो की बिकी का प्रारम्भ। |
| 02 से 06सितम्बर | संस्कृत शिक्षा विभागीय राज्य स्तरीय किडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (प्रथम चरण) |
| 7 सितम्बर | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (अवकाश–उत्सव ) |
| 8 सितम्बर | विश्व साक्षरता दिवस (उत्सव) |
| 10 से 14 सितम्बर | संस्कृत शिक्षा विभागीय राज्य स्तरीय किडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (द्वितीय चरण) |
| 15–17 सितम्बर | मा. शि. राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर प्रथम चरण का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) |
| 14 सितम्बर | हिन्दी दिवस (उत्सव), सामुदायिक बाल सभा– विद्यालय स्तर पर |
| 18–23 सितम्बर | मा. शि. राज्य स्तरीय किडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (प्रथम चरण) |
| 19–23 सितम्बर | संस्कृत शिक्षा विभागीय उ.प्रा. (छात्र वर्ग 14 वर्ष) संभाग स्तरीय क्रिड़ा प्रतियोगिता का आयोजन। |
| 23–25 सितम्बर | मा. शि. राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर द्वितीय चरण का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) |
| 23 सितम्बर | किशोर जागृति दिवस |
| 25 सितम्बर | श्रीरामदेव जयन्ती / तेजा दशमी एवं खेजडली शहीद दिवस (अवकाश–उत्सव) |
| 26 सितम्बर से 01 | मा. शि. राज्य स्तरीय किडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र |

| | |
|---|---|
| अक्टूबर | वर्ग)(द्वितीय चरण) |
| 28 सितम्बर | बारावफात (अवकाश) (चन्द्र दर्शन के अनुसार) |
| 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर | मा. शि.राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (तृतीय चरण) |
| 30 सतम्बर | 1 एसडीएमसी की कार्यकारिणी समिति में अनुमोदित कार्य योजना के अनुरूप विद्यार्थी कोष / विकास कोष के माध्यम से किए जाने वाले कार्य / क्रय कार्यवाही पूर्ण करना।<br>2 सामुदायिक बाल सभा का आयोजन सार्वजनिक स्थल या चोपाल पर |

नोटः–

- माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतियोगिता का ब्लॉक स्तर पर आयोजन।

- राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस(जिन विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित है)

# संशिविरा–पंचांगः अक्टूबर, 2023

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| सोमवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| मंगलवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| बुधवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| गुरूवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शुक्रवार | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| शनिवार | 7 | 14 | 21 | 28 | |
| कार्य–दिवस 24 | रविवार 05 | | अवकाश 04 | | उत्सव 03 |

| | |
|---|---|
| 1 अक्टूबर | विद्यालय समय परिवर्तन –<br>1.एक पारी विद्यालय –प्रातः10:00 से 04:00 बजे तक।<br>2.दो पारी विद्यालय –प्रातः04:30 से सायं 05:30 बजे तक(प्रत्येक पारी 5:00 घंटे) |
| 2 अक्टूबर | महात्मा गांधी जयन्ती (अवकाश उत्सव) व लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती (उत्सव) |
| 3 से 5 अक्टूबर | जिला स्तरीय विज्ञान मेला (RSCERT) |
| 3 से 8 अक्टूबर | मा. शि. राज्य स्तरीय क्रिडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (तृतीय चरण) |
| 7 अक्टूबर | सामुदायिक बाल–सभा का आयोजन विद्यालय स्तर पर |
| 9–15 अक्टूबर | उ. प्रा. / प्रवे. / वरि.उपा. छात्रा वर्ग (14 व 19 वर्ष) संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन |
| 10 अक्टूबर | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस(समग्र शिक्षा) |
| 11 अक्टूबर | अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस (उत्सव) |
| 11 से 12 अक्टूबर | रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता राज्य स्तर(RSCERT) |
| 13 अक्टूबर | विश्व दृष्टि दिवस(समग्र शिक्षा) |
| 13 से 14 अक्टूबर | जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन |
| 15 अक्टूबर | नवरात्रा स्थापना (अवकाश)एवं महाराजा अग्रसेन जयन्ती |
| 18–22 अक्टूबर | विभागीय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता छात्र वर्ग–14 वर्ष का आयोजन। |
| 19 से 21 अक्टूबर | द्वितीय परख |
| 22 अक्टूबर. | दुर्गाष्टमी(अवकाश) |
| 24 अक्टूबर | विजयदशमी(अवकाश) |
| 28 अक्टूबर | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन सार्वजनिक स्थल या चौपाल पर |

| | |
|---|---|
| 28–30 अक्टूंबर | मा. शि.राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (चतुर्थ चरण) |
| 31 अक्टूबर | स्रदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती (राष्ट्रीय एकता दिवस) इन्दिरा गांधी पुण्य तिथि (संकल्प दिवस ) |

नोटः–माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों का सृजनात्मक प्रतियोगिता का जिला स्तर पर आयोजन।

# संशिविरा—पंचांगः नवम्बर, 2023

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोमवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगलवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुधवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरूवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्रवार | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शनिवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| कार्य दिवस 14 | रविवार 04 | | अवकाश 14 | | उत्सव 05 |

| | |
|---|---|
| 01 से 06 नवम्बर | मा. शि. राज्य स्तरीय क्रिडा प्रतियोगिताओ का आयोजन(19वर्ष छात्र वर्ग) (चतुर्थ चरण) |
| 01 से 08 नवम्बर | उ. प्रा. / प्रवे. / वरि.उपा. छात्रा वर्ग (14 व 19 वर्ष) राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन |
| 04 नवम्बर | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन सार्वजनिक स्थल या चौपाल पर |
| 07 से 17 नवम्बर | मध्यावधि अवकाश |
| 11 नवम्बर | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (उत्सव) |
| 12 नवम्बर | दीपावली (अवकाश) |
| 13 नवम्बर | गोवर्धन पूजा (अवकाश) |
| 14 नवम्बर | बाल—दिवस (पं. जवाहर लाल नेहरू जयन्ती) उत्सव, बाल सभा का आयोजन,(समग्र शिक्षा) |
| 15 नवम्बर | भाई दूज अवकाश |
| 19 नवम्बर | श्रीमती इंदिरा गांधी जयंती ( उत्सव ) |
| 19 नवम्बर | एनएमएमएस परीक्षा 2023—24 (RSCERT) |
| 19 से 25 नवम्बर | कौमी एकता सप्ताह का आयोजन। |
| 26 नवम्बर | संविधान—दिवस (उत्सव) कौमी एकता सप्ताह का आयोजन। |
| 22से 25 नवम्बर | राज्य स्तरीय विज्ञान मेला (RSCERT) |
| 24 नवम्बर | कालिदास जयन्ती |
| 25 नवम्बर | PTM- ।। ( मॉ—शिक्षक बैठक—MTM ) का आयोजन एवं सामुदायिक बाल सभा—विद्यालय स्तर पर |
| 26 नवम्बर | संविधान दिवस ( उत्सव ) |
| 27 नवम्बर | गुरु नानक जयन्ती ( उत्सव ) |

नोटः—

- माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं यथा—
- (अ) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा,
- (ब)राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा,
- (स) राज्य विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन।

# संशिविरा–पंचांग : दिसम्बर, 2023

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोमवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगलवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुधवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरूवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्रवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनिवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| कार्य दिवस 20 | रविवार 05 | | अवकाश 7 | | उत्सव 01 |

| | |
|---|---|
| 01दिसम्बर | विश्व एकता दिवस (उत्सव),विश्व एड्स दिवस ( RSCERT) |
| 03 दिसम्बर | विश्व विशेष योग्यजन दिवस (समग्र शिक्षा) |
| 09 दिसम्बर | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन विद्यालय स्तर पर |
| 10 दिसम्बर | मानव अधिकार दिवस (उत्सव) |
| 11 से 23 दिसम्बर | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा का आयोजन |
| 25 दिसम्बर | क्रिसमस डे (अवकाश) |
| 25 से 31 दिसम्बर(05 जनवरी तक जारी ) | शीतकालीन अवकाश |
| नोटः– | 1. जिन विद्यालयो मे राष्ट्रीय सेवा इकाई संचालित है,उन विद्यालयो मे सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शीतकालीन अवकाश के दौरान ही किया जाए ।<br>2. राज्य विधान सभा हेतु निर्वाचन प्रकिया कार्यक्रम के अनुसार यथा आवश्यकता संशोधन किया जा सकता है।<br>3. माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व उन्नयन एवं कौशल शिविराका आयोजन<br>4. माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा शिक्षको व्यावसायिक कौशल एवं उन्नयन प्रतियोगिता का जिला–स्तर पर आयोजन।<br>5. व्यावसायिक शिक्षा मे कक्षा–11 व 12 मे अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु ऑन जॉब ट्रेनिंग शीतकालीन अवकाश मे (समग्र शिक्षा)<br>6. शीतकालीन अवकाश के दौरान व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों हेतु ऑन जॉब ट्रेनिंग का आयोजन (समग्र शिक्षा) |

# संशिविरा–पंचांगः जनवरी, 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| सोमवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगलवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुधवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| गुरूवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्रवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनिवार | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| कार्य दिवस 20 | रविवार 04 | | अवकाश 07 | | उत्सव 05 |

| | |
|---|---|
| 01 से 05 जनवरी | शीतकालीन अवकाश जारी |
| 04 जनवरी | विश्व ब्रेल दिवस |
| 05 से 20 जनवरी | 1. वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह (विद्यालय स्तर पर ) आर्दश एवं उत्कृष्ट विद्यालयो मे । 2.पूर्व विद्यार्थी एवं संभापित दानदाता सम्मेलन 2023–24(विद्यालय स्तर )(वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण से पूर्व) |
| 09 से 11जनवरी | रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता राज्य स्तर (RSCERT) |
| 10जनवरी | विश्व हिन्दी दिवस |
| 12 जनवरी | स्वामी विवेकानन्द–जयन्ती (राष्ट्रीय–युवा–दिवस–उत्सव) केरियर डे |
| 13 जनवरी | पीटीएम तृतीय का आयोजन सामुदायिक बाल सभा का आयोजन –( विद्यालय परिसर मे ) अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामो को अभिभावको को प्रदर्शित करना |
| 15 जनवरी | मकर–संक्रान्ति (उत्सव) |
| 17 जनवरी | गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती, ( अवकाश–उत्सव) |
| 19–20 जनवरी | राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन |
| 23 जनवरी | सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती, देश प्रेम दिवस (उत्सव) |
| 24 जनवरी | राष्ट्रीय बालिका दिवस (उत्सव) |
| 26 जनवरी | गणतन्त्र–दिवस (अवकाश–उत्सव अनिवार्य) , (उत्सव) |
| 27 जनवरी | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन–सार्वजनिक स्थल / चौपाल पर |
| 30 जनवरी | शहीद–दिवस (प्रातः 11.00 बजे 2 मिनिट का मौन) महात्मा गांधी पुण्यतिथि |
| नोटः– | (1). द्वितीय योगात्मक आकलन का आयोजन–सीसीई / एसआईक्युई संचालित विद्यालयो मे(माह के अन्तिम सप्ताह मे )। (2). माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन की राज्य–स्तरीय–प्रतियोगिता का आयोजन। (3) राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव (विद्यार्थियों के लिए ) जनवरी के प्रथम सप्ताह मे (समग्र शिक्षा) (4) एसएलएएस(स्टेट लेवल मेंट सर्वे )एंडलाईन जनवरी माह कम अंतिम सप्ताह मे आयोजित किया जाएगा। |

# संशिविरा–पंचांग फरवरी, 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| सोमवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगलवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुधवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरूवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्रवार | 2 | 9 | 16 | 23 | |
| शनिवार | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| कार्य दिवस 25 | रविवार 04 | | अवकाश 00 | | उत्सव 02 |

| | |
|---|---|
| 03 फरवरी | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन विद्यालय स्तर पर |
| 13 फरवरी | सेफर इन्टरनेट डे का आयोजन( RSCERT) |
| 14 फरवरी | बसंत पंचमी / सरस्वती जयन्ती (उत्सव), गार्गी पुरस्कार समारोह, बालिका दिवस आयोजन |
| फरवरी के द्वितीय सप्ताह मे | सत्रांत की संस्था–प्रधान–वाक्पीठ ( प्राथमिक / उच्च–प्राथमिक / प्रवेशिका / वरिष्ठ– उपाध्याय) का आयोजन संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार (17 से 22 फरवरी की अवधि में )(दो दिवस) |
| 20 से 22 फरवरी | तृतीय परख का आयोजन |
| 24 फरवरी | सामुदायिक बाल सभा का आयोजन–सार्वजनिक स्थल / चौपाल पर तृतीय परख की प्रगति से अवगत करवाया जाना। |
| 28 फरवरी | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (उत्सव) |

# संशिविरा–पंचांगः मार्च, 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| सोमवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगलवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुधवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरूवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्रवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनिवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| कार्य दिवस 23 | रविवार 05 | | अवकाश 04 | | उत्सव 03 |

| | |
|---|---|
| 03 मार्च | विश्व–श्रवण–दिवस (समग्र शिक्षा) |
| 5 मार्च | स्वामी दयानन्द सरस्वती जयन्ती (उत्सव) |
| 8 मार्च | महाशिवरात्री(अवकाश),विश्व महिला दिवस (उत्सव) |
| 15 मार्च | विश्व–उपभोक्ता–दिवस (उत्सव) |
| 17 मार्च | विश्व–दिव्यांग–दिवस |
| 24 मार्च | होलिका दहन (अवकाश) |
| 25 मार्च | धुलण्डी (अवकाश) |
| 29 मार्च | गुड–फ्राइडे (अवकाश) |
| 30 मार्च | राजस्थान–दिवस (उत्सव) |

# संशिविरापंचांगः अप्रैल, 2024

| रविवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
|---|---|---|---|---|---|
| सोमवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगलवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुधवार | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| गुरूवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्रवार | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनिवार | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| कार्य दिवस 23 | रविवार 04 | | अवकाश 05 | | उत्सव 02 |

| | |
|---|---|
| 1 अप्रैल | विद्यालय समय परिर्वतन :—<br>1. एक पारी—विद्यालय प्रातः 07.30 से 01.00 बजे तक।<br>2. दो पारी—विद्यालय :— प्रातः 7.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक (प्रत्येक पारी 5.30 घण्टे) |
| 07 अप्रैल | विश्व—स्वास्थ्य—दिवस |
| 10अप्रैल | चेटीचण्ड (अवकाश—उत्सव) |
| 11अप्रैल | ईदुल फितर चन्द्र दर्शनानुसार(अवकाश) |
| 08 से 25 अप्रेल | वार्षिक परीक्षा का आयोजन |
| 14अप्रैल | डॉ.बी.आर.अम्बेडकर जयन्ती--ज्ञान दिवस (अवकाश—उत्सव) |
| 17 अप्रैल | रामनवमी (अवकाश--उत्सव) |
| 21 अप्रैल | महावीर—जयन्ती, अहिंसा—दिवस (अवकाश—उत्सव) |
| 27 अप्रैल | विद्यालय में आगामी सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया का आरम्भ एवं नामांकन हेतु विद्यार्थियों के चिह्नीकरण की प्रकिया प्रारम्भ। |
| 30 अप्रैल | वार्षिक—परीक्षा—परिणाम की घोषणा तथा परीक्षा—परिणामों की प्रति संबंधित संभागीय—संस्कृत—शिक्षाधिकारी को समीक्षा हेतु प्रेषित करना।<br>सामुदायिक बालसभा का आयोजन सार्वजनिक स्थल/चौपाल पर किया जावे। संस्था—प्रधान द्वारा स्टाफ की बैठक लेकर सत्रपर्यन्त हुए कार्यो की समीक्षा करना एवं आगामी सत्र की विद्यालय योजना हेतु विचार—विमर्श कर निर्णय लेना तथा योजना संबंधित संभागीय--संस्कृत--शिक्षाधिकारी को प्रेषित करना।SDMC/SMC की साधारण—सभा का आयोजन एवं करणीय कार्यो के संबंध में प्रस्ताव पारित करना। |

# शिविरापंचांगः मई, 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| सोमवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगलवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुधवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरूवार | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्रवार | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शनिवार | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| कार्य–दिवस 13 | रविवार 04 | | अवकाश 16 | | उत्सव 01 |

| | |
|---|---|
| 1 मई | नवीन सत्र :– 2024–25 प्रारम्भ |
| 1 से 16 मई | प्रवेशोत्सव–प्रथम चरण का आयोजन |
| 7 मई | रविन्द्र नाथ टैगोर–जयन्ती (उत्सव) |
| 08 से 15 मई | पूरक–परीक्षा का आयोजन (कक्षा–9 व 11 हेतु) |
| 10 मई | परशुराम जयन्ती(अवकाश) |
| 11 मई | सामुदायिक बालसभा का आयोजन–सार्वजनिक स्थल/चौपाल पर |
| 16 मई | पूरक परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं प्रगति–पत्र का वितरण |
| 17 मई से 30 जून | ग्रीष्मावकाश |
| नोट :– | (1) संस्था–प्रधान ग्रीष्मावकाश में मुख्यालय से बाहर हो तो वह विद्यार्थियों को टी.सी. जारी करने हेतु मुख्यालय पर रहने वाले वरिष्ठतम शिक्षक को टी.सी पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत करावें तथा इसका अनुमोदन संबंधित संभागीय–संस्कृत शिक्षाधिकारी से कराकर संबंधित को पाबन्द करे ताकि विद्यार्थियों को टी.सी. प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। |

# संशिविरापंचांग: जून, 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रविवार | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| सोमवार | | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगलवार | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुधवार | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरूवार | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्रवार | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनिवार | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| कार्य दिवस 06 | रविवार 05 | | अवकाश 20 | | उत्सव 02 |

| | |
|---|---|
| 01 से 23 जून | ग्रीष्मावकाश जारी । |
| 09 जून | महाराणा प्रताप जयन्ती (अवकाश–उत्सव) |
| 17 जून | ईदुल–जुहा(अवकाश) चन्द्र दर्शन अनुसार। |
| 21 जून | अन्तर्राष्ट्रीय योग–दिवस (उत्सव)समस्त विद्यालयो मे प्रातः7 से 8 बजे योग दिवस उत्सव का आयोजन । |
| 24 से 30 जून | **प्रवेशोत्सव–द्वितीय चरण का आयोजन।** इस अवधि में संस्था प्रधान एवं शिक्षकगण हाउस होल्ड सर्वे के आधार पर अब तक प्रवेश से वंचित /हार्ड कोर समूह के बच्चों का प्रवेश विद्यालय/ आंगनबाडी में करवाए जाने हेतु विशिष्ट कार्य योजना के तहत नामांकन वृद्धि अभियान संचालित करेंगे । संस्था प्रधान द्वारा समस्त स्टाफ से नवीन समय विभाग चक्र के अनुरूप सम्पूर्ण शैक्षिक सत्र के लिए कक्षा शिक्षण हेतु विषय योजना का निर्माण करवाया जाकर योजना का परिवीक्षण किया जाएगा । उक्त अवधि में विद्यार्थियों को टी0सी0/नव प्रवेशित विद्यार्थियों का एस.आर.रजिस्टर में पंजीयन संबंधी कार्यो का समुचित निष्पादन किया जाएगा। |
| 28 जून | भामाशाह–जयन्ती (उत्सव) ,राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन |

नोटः–

- जून से जुलाई – विशेष आवश्यकता वाले बालक–बालिकाओं का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित हो (समग्र शिक्षा)
- माध्यमिक–शिक्षा–बोर्ड–राजस्थान, अजमेर द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतियोगिता का राज्य स्तर पर आयोजन।
- जून–जुलाई माह में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में विषय चयन हेतु परामर्श देना।